SPECT
RESEARCH ASSOCIATION

# उपेक्षित नागरिक:

## दिल्ली के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की कमी

### जामिया नगर से पहली रिपोर्ट

*(ज़ाकिर नगर और अबुल फज़ल एन्क्लेव वार्ड)*



# उपेक्षित नागरिक:

## दिल्ली के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की कमी

### जामिया नगर से पहली रिपोर्ट

*(ज़ाकिर नगर और अबुल फज़ल एन्क्लेव वार्ड)*

SPECT
RESEARCH ASSOCIATION

*शोधकर्ता*

**डॉ बनोंज्योत्स्ना लाहिड़ी**

**डॉ. साजिद अली**

*अनुवाद*

**अज़हर अंसार**

**सिमरा अंसारी**

*डिज़ाइन*

**रिज़ाक मोहम्मद**

# क्रम-सूची


| | |
|---|---|
| परिचय | 6 |
| ओखला में अत्यधिक जनसंख्या: कारण और प्रभाव | 6 |
| जामिया नगर मुस्लिम घेटो कैसे बना | 8 |
| अनाधिकृत कॉलोनियों की समस्याएं | 10 |
| यूपी-दिल्ली सरकार का टकराव | 10 |
| कूड़ा निपटान की समस्या या उसका अभाव: | 13 |
| बिजली | 14 |
| हाई टेंशन वायर | 14 |
| पीने का पानी | 15 |
| बरसात में बाढ़ और जलभराव | 16 |
| परिवहन | 17 |
| शिक्षा | 18 |
| स्वास्थ्य सुविधाएं | 21 |
| निगरानी और कानून प्रवर्तन तंत्र | 23 |
| अन्य समस्याएं | 24 |
| सामुदायिक समर्थन | 25 |
| सिफारिशें | 26 |
| नक्शा | 28 |
| अनुबंध | 30 |

# परिचय

कई सरकारी और गैर-सरकारी रिपोर्ट्स ने बार-बार उन क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की कमी की ओर इशारा किया है, जहां ज़्यादातर मुस्लिम अल्पसंख्यक आबादी रहती है।[1] अर्बन और सेमी-अर्बन क्षेत्र में अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित की गई जगह खुद एक तरह के घेटोकरण का कारण बन गई है। इन इलाकों में, अक्सर नागरिक सुविधाएं, जो कि नागरिकों को गरिमा के साथ-साथ जीवन जीने के लिए न्यूनतम ज़रूरत होती हैं, वे तमाम सुविधाएं गायब रहती हैं। शहर के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के प्रति राज्य की उदासीनता और अनिच्छा में एक बड़ा कारण अल्पसंख्यकों के खिलाफ संस्थागत पूर्वाग्रह और पक्षपात भी है। यह शोध कार्य दिल्ली के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की कमी का पता लगाने और विश्लेषण करने का एक प्रयास है। यह कई रिपोर्ट्स की एक सीरीज की शुरुआत है, इस सीरीज में आगे और भी रिपोर्ट्स प्रकाशित की जाएंगी।

यह रिपोर्ट इस बात पर केंद्रित होगी कि दिल्ली के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों, जैसे कि ओखला, जिसे आमतौर पर जामिया नगर के नाम से जाना जाता है, को सार्वजनिक सेवाओं जैसे **स्कूल, स्वास्थ्य (अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक, स्वास्थ्य केंद्र), सार्वजनिक परिवहन, बैंकिंग-बैंक शाखाएं, मदर डेयरी बूथ, पोस्ट ऑफिस आदि सुविधाओं के मामले में किस तरह भेदभाव का सामना करना पड़ता है।[2] इन इलाकों में सार्वजनिक सुविधाओं की कमी है, जबकि राज्य के दमनकारी तंत्र या 'विनियमन एजेंसियों' जैसे पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों की उपस्थिति अत्यधिक है।** हम ओखला के कुछ MCD वार्ड्स से शुरुआत करेंगे, जो मुस्लिम बहुल हैं। इसके बाद इस रूपरेखा का पालन दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा। यह शोधकार्य शहरीकरण के पैटर्न को भी दिखाएगा और ये भी बताएगा कि कैसे यह मुस्लिमों के घेटोकरण, भेदभाव और बहिष्कार का कारण बनता है। यह राज्य और केंद्र सरकार की लापरवाही को भी उजागर करेगा, जो मुसलमानों को केवल एक वोट बैंक या उपेक्षित नागरिकों के रूप में देखती हैं। यह दिखाकर कि मुस्लिम इलाकों में नागरिक सुविधाओं की कमी है, इसका उद्देश्य मुस्लिमों के कथित तुष्टिकरण के बारे में फैलाए जाने वाले नरेटिव का विरोध भी करना है।

# ओखला में अत्यधिक जनसंख्या: कारण और प्रभाव

2011 की जनगणना के अनुसार दिल्ली में 1 करोड़ 68 लाख लोग रहते थे, जिनमें 21 लाख मुसलमान थे, जो कुल जनसंख्या का 12.86 प्रतिशत थे। नई जनगणना अभी नहीं हुई है ऐसे में, दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान की गई अनुमानित 2026 की जनसंख्या 2 करोड़ 25

1 Sachar Committee Report, 2006, Muslims of Delhi: A Study on their Socio-Economic and Political Status" published by Institute of Policy Studies and Advocacy, 2023.
2 Ghazala Jamil, Accumulation by Segregation: Muslim Localities in Delhi, Oxford University Press, 2017.



*Photo 1 - Electronic Rikshaw, Okhla Head*

लाख है।[3] जामिया नगर, जो दिल्ली के कई मुस्लिम घेटों में से एक है, स्थानीय अनुमानों के अनुसार यहां 6 लाख से अधिक लोग रहते हैं, जिनमें ज़्यादातर मुसलमान (98%) हैं। यह क्षेत्र ओखला विधानसभा क्षेत्र में आता है और चुनाव आयोग के अनुसार यहां 3.2 लाख पंजीकृत मतदाता हैं।

दिल्ली चुनाव आयोग के अनुसार, 2022 के एमसीडी चुनावों में दिल्ली में कुल 1,45,05,358 मतदाता थे। अध्ययन के तहत दो वार्ड, ज़ाकिर नगर और अबुल फ़ज़ल एन्क्लेव, में क्रमशः 90,038 और 86,301 पंजीकृत मतदाता थे। राज्य के कुल 250 वार्डों में से, ये दोनों वार्ड सबसे अधिक मतदाता घनत्व वाले 5 वार्डों की सूची में शामिल हैं।

ज़ाकिर नगर इस सूची में तीसरे स्थान पर है, जबकि अबुल फ़ज़ल एन्क्लेव पांचवें स्थान पर है, जहाँ सबसे अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। वार्ड और विधानसभा क्षेत्र की कुल जनसंख्या के सटीक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुमान के अनुसार, ओखला विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या 6 लाख से अधिक है।

## सारणी 1:

| विधानसभा | कुल मतदाता |
|---|---|
| Okhla | 364576 |
| Total Wards under Okhla Assembly | 5 |
| Ward wise | Voters |
| Madanpur Khadar East | 54469 |
| Madanpur Khadar West | 65817 |
| Sarita Vihar | 67951 |
| Abul Fazal Enclave | 86301 |
| Zakir Nagar | 90038 |

## सारणी 2:

| सबसे ज़्यादा मतदाता वाले वार्ड | कुल मतदाता |
|---|---|
| Nawada | 98774 |
| Jharoda | 96373 |
| Zakir Nagar | 90038 |
| Nangli Sakrawati | 89319 |
| Abul Fazal Enclave | 86301 |

स्रोत: *Ward Wise Voter Summary, Delhi (2022)*[4]

3 Women and Men in Delhi-2024, Govt. of NCT of Delhi, https://des.delhi.gov.in/sites/default/files/inline-files/women_and_men_in_delhi_2024.pdf
4 https://sec.delhi.gov.in/sites/default/files/SEC/files/male_female_transgender_data_delhi.pdf

ओखला विधानसभा क्षेत्र में स्थित जामिया नगर एक घनी आबादी वाला मुस्लिम इलाका है, जो अधिकांश सार्वजनिक सुविधाओं से वंचित है या क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है।

जामिया नगर की पहचान एक मुस्लिम घेटो के रूप में बन चुकी है। घेटो कोई स्वैच्छिक अलगाव की स्थिति नहीं है, बल्कि यह विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे सांप्रदायिक हिंसा[5], पूंजीवाद[6] और भेदभावपूर्ण शहरी योजना और प्रशासन के माध्यम से थोपा गई और बनाई गई है।[7]

जामिया नगर नाम की ये जगह के बनने और इसकी मुस्लिम पहचान के कारणों में दरअसल असुरक्षा की भावना है। मुसलमानों के बीच बढ़ती हाशियाकरण और असुरक्षा की भावनाओं को इस क्षेत्र और इसकी पहचान से जोड़ा जा सकता है।

## जामिया नगर मुस्लिम घेटो कैसे बना

स्थानीय लोगों और उपलब्ध जानकारी के अनुसार,[8] 1992 से पहले इस क्षेत्र में कुछ ही मुस्लिम बस्तियां थीं, जो मुख्य रूप से जामिया मिलिया इस्लामिया के कैंपस के पास स्थित थीं। ये बस्तियां ज्यादातर जामिया मिलिया इस्लामिया के शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों के निवास के रूप में थीं।[9]

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, वर्तमान में जामिया नगर के अधिकांश क्षेत्र को उस समय कृषि भूमि के रूप में घोषित किया गया था। यह क्षेत्र या तो खेती योग्य भूमि थी या बिना खेती की घासभूमि जो मानसून के मौसम में यमुना के पानी से डूब जाया करती थी।

इस क्षेत्र के लिए एक निर्णायक मोड़ बाबरी मस्जिद विध्वंस और उसके बाद देशव्यापी सांप्रदायिक हिंसा थी। यह घटना राष्ट्रीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के उदय के साथ भी मेल खाती है। उस समय, अंतरधार्मिक बस्तियों में रहने वाले मुसलमान बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में पलायन करने लगे, जैसे मानो एक झटके में बाढ़ का दरवाजा खुल गया हो।

जामिया नगर के एक स्थानीय निवासी, जो पहले एक निर्माण ठेकेदार थे उन्होंने बताया कि बाबरी मस्जिद विध्वंस के तुरंत बाद संपत्ति के दाम 200-300 रुपये प्रति गज से बढ़कर 1500-2000 रुपये प्रति गज हो गए। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में मुसलमानों के पलायन की पहली पसंद बनने का मुख्य कारण जामिया मिलिया इस्लामिया की उपस्थिति थी।



*Photo 2 - Jamia Nagar area*

5 Lauren Gayer and Christophe Jaffrelot (eds) Muslims in Indian Cities: Trajectories of Marginalisation, Columbia University Press, 2012.
6 Ghazala Jamil, Accumulation by Segregation: Muslim Localities in Delhi, Oxford University Press, 2017.
7 Anasua Chatterjee, Margins of Citizenship: Muslim Experiences in Urban India, Routledge, 2015.
8 Kirmani Nida, "Competing Constructions of "Muslim-ness" in the South Delhi Neighborhood of Zakir Nagar", in Journal of Muslim Minority Affairs, Vol. 28, No. 3, December 2008.
9 Towfeeq Wani, How Jamia Nagar Became A Muslim 'Ghetto' In The Nation's Capital, in Youth ki Awaaz, 2016. https://www.youthkiawaaz.com/2016/06/jamia-nagar-muslim-ghetto/



*Photo 3 - Trafic in Jamia Nagar*

उन्होंने यह भी कहा कि जामिया मिलिया इस्लामिया के अलावा इस क्षेत्र में जमात-ए-इस्लामी हिंद और अहल-ए-हदीस जैसे अन्य मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने भी अपने केंद्र स्थापित किए थे। इन संघटनों की उपस्थिति ने उन मुसलमानों को आत्मविश्वास दिया जो अंतरधार्मिक बस्तियों से पलायन करने की सोच रहे थे।

एक और ऐतिहासिक घटना जिसने इस इलाके में मुसलमानों की आमद को बढ़ावा दिया, वह थी गुजरात में 2002 की सांप्रदायिक हिंसा, विशेष रूप से अहमदाबाद के एक स्वतंत्रता सेनानी और संपन्न मुस्लिम राजनेता एहसान जाफ़री की नृशंस हत्या, जिनकी हिंदू भीड़ ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। जामिया नगर के एक स्थानीय निवासी ने बताया, "इस घटना ने मुसलमानों की मानसिकता को आकार दिया, खासकर उच्च वर्ग के संपन्न मुसलमानों ने, जिन्होंने पहले शायद ही कभी असुरक्षित महसूस किया हो।" 2002 की घटना के बाद भी मुसलमानों का आना जारी रहा।

इस क्षेत्र में मुसलमानों का आना अभी भी जारी है। इसकी शुरुआत 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा की हालिया घटनाओं से हुई, जिसमें 53 से अधिक लोग मारे गए और आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उनमें से दो-तिहाई मुसलमान थे। इसके कारण अंतरधार्मिक बस्तियों से मुसलमानों का अचानक जामिया नगर जैसे 'सुरक्षित' इलाकों में आना शुरू हो गया। इस इलाके में किराए और फ्लैट्स की दरों में बदलाव से लोगों के आने और प्रकृति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

जगह के लिहाज से और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से लोगों के आने और ग्रामीण इलाकों से लगातार हो रहे पलायन की वजह से यह इलाका भीड़भाड़ वाला बन गया है। ओखला विधानसभा सीट के अंतर्गत कुल 5 वार्ड हैं। जनसंख्या के लिहाज से, अध्ययन के तहत इन दो वार्डों की कुल जनसंख्या विधानसभा के अन्य तीन वार्डों की कुल जनसंख्या के लगभग बराबर है। हालांकि, क्षेत्रफल के लिहाज से, इन दो वार्डों का कुल क्षेत्र इस विधानसभा के अंतर्गत आने वाले कुल क्षेत्रफल का एक तिहाई भी नहीं है।

ओखला विधानसभा क्षेत्र में इस शोध के तहत आने वाले इन दो वार्डों की आबादी अब प्रति वार्ड औसत आबादी (गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार) — 65,679 — से बहुत दूर है और इस आंकड़े से प्लस या माइनस 10% का अनुमेय विचलन(अंतर) है[10]। प्रति वार्ड जनसंख्या की अनुमेय ऊपरी सीमा 72,246 है और निचली सीमा 59,111 है।[11] हालांकि, अन्य तीन वार्ड या तो अनुमेय सीमा के अंतर्गत आते हैं या अनुमेय सीमा से थोड़ा ऊपर हैं, वहीं दूसरी ओर, कुल 250 वार्डों में से 138 वार्ड ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 59,111 की अनुमेय निचली सीमा से कम है।

विकास की कमी और शासन की समस्या के अलावा निरंतर उपेक्षा का मूल कारण यह है कि इस क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाएं और सेवाएं सिर्फ एक छोटी आबादी के लिए हैं, हालांकि ये सीमित संसाधन इस क्षेत्र में वास्तव में रहने वाली आबादी से कई गुना अधिक लोगों की सेवा कर रहे हैं।

10 https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/mcd-polls-redrawn-ward-boundaries-in-okhla-fuel-allegations-of-politically-motivated-manipulations/article66216001.ece

11 https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/mcd-polls-redrawn-ward-boundaries-in-okhla-fuel-allegations-of-politically-motivated-manipulations/article66216001.ece

# अनाधिकृत कॉलोनियों की समस्याएं

डीडीए की सूची के अनुसार, दिल्ली में 1731 अनाधिकृत कॉलोनियां हैं, जिनमें दिल्ली की कुल आबादी का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा रहता है।[12] दिल्ली विधानसभा में अपने भाषण में दिल्ली की तत्कालीन वित्त मंत्री आतिशी ने इन अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की दुर्दशा को पहचाना जब उन्होंने कहा, "इन कॉलोनियों में पीने का पानी नहीं था, सड़कें और सीवरेज का नेटवर्क या नालियां नहीं थीं। ये कॉलोनियां गंदगी और कचरे से घिरी हुई थीं।"[13] उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनधिकृत कॉलोनियों के उत्थान के लिए बजट में 902 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

विकास की कमी और सार्वजनिक सुविधाओं की अनुपस्थिति से संबंधित कई मुद्दे जैसे पीने के पानी की उपलब्धता को प्रभावित करने वाली पानी की पाइपलाइन, अच्छी तरह से जुड़े सीवरेज, खुले नाले, हर जगह बिखरा कचरा, सड़कों का अभाव, बिजली के मीटर, गैस पाइपलाइन और लटकते तार सीधे तौर पर उनकी अनाधिकृत प्रकृति का परिणाम हैं। हालाँकि, इन कॉलोनियों में समस्याओं की प्रकृति और दशकों से रुकी हुई विकास की रफ़्तार को देखते हुए आवंटित धनराशि समस्याओं को कम करने के लिए काफी नहीं है।

जामिया नगर के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र अनाधिकृत कॉलोनियों की सूची में आता है। इस स्टडी के अंतर्गत आने वाले ज़ाकिर नगर और अबुल फ़ज़ल एन्क्लेव दोनों वार्ड इस सूची का हिस्सा हैं। अनाधिकृत कॉलोनियों की सूची में होने के कारण, इन कॉलोनियों में विकास की भारी कमी और बुनियादी सार्वजनिक सुविधाओं का अभाव है। आगे विस्तार से समस्याओं पर चर्चा की गई है।

# यूपी-दिल्ली सरकार का टकराव

इस क्षेत्र में विकास से जुड़े पहलुओं को चिह्नित करने वाली प्रशासनिक समस्याओं में से एक है अपारदर्शी प्रशासनिक सीमाएँ, ओवरलैप, संघर्ष और भूमि के स्वामित्व के संघर्ष के कारण यूपी और दिल्ली सरकार के बीच जिम्मेदारियों का स्थानांतरण। ये क्षेत्र यमुना नदी के किनारे है। दूसरे तट पर न्यू ओखला औद्योगिक विकास क्षेत्र है जिसे नोएडा के नाम से जानते हैं, जो उत्तर प्रदेश राज्य के अंतर्गत आता है। हालांकि ओखला में, सीमाओं को कम स्पष्ट रूप से चिह्नित किया गया है और जमीन के कुछ हिस्से यूपी सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जबकि बाकी दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इससे दोनों सरकारों के बीच लगातार टकराव होता है, खासकर जब दोनों राज्यों में सरकारें विरोधी दलों की होती हैं। इस स्थिति में सहयोग के माध्यम से एक सौहार्दपूर्ण समाधान की तलाश करने के बजाय, दोनों सरकारों के

12 https://economictimes.indiatimes.com/news/india/delhi-budget-atishi-allocates-rs-902-crore-for-uplift-of-unauthorised-colonies/articleshow/108208505.cms?from=mdr

13 https://economictimes.indiatimes.com/news/india/delhi-budget-atishi-allocates-rs-902-crore-for-uplift-of-unauthorised-colonies/articleshow/108208505.cms?from=mdr

बीच टकराव होता है, और कोई भी सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाती है. इस कारण से स्थानीय निवासियों की बहुत सारी नागरिक सुविधाएं प्रभावित होती हैं।




*Photo 4 - UP Water & Land Management Institute, Okhla*

- **सड़क निर्माण और अन्य विकास परियोजनाओं पर असर:** नागरिक सुविधाओं में से जिस विकास कार्य पर सबसे ज़्यादा प्रभाव पड़ता है वो है सड़क निर्माण। जामियानगर, ज़ाकिर नगर और अबुल फज़ल क्षेत्रों से गुज़रने वाली मुख्य सड़कों का निर्माण/मरम्मत/रखरखाव कौन करेगा, इसकी जिम्मेदारी लगातार बदलती रहती है। क्षेत्र से गुज़रने वाले पैदल यात्रियों और वाहनों की संख्या की तुलना में सड़कें संकरी हैं और कम हैं। इससे नियमित रूप से ट्रैफिक जाम होता है जिससे अक्सर क्षेत्र में आवागमन मुश्किल हो जाता है। मुख्य सड़कों को चौड़ा करने की सख्त जरूरत है। लेकिन चौड़ीकरण के बजाय, अक्सर यूपी-दिल्ली संघर्ष के कारण यूपी सरकार ने सड़क के किनारे की जगहों को काट दिया है जिससे सड़कें और भी संकरी हो गई हैं। क्षेत्रों में अत्यधिक कारों और पार्किंग स्थलों की कमी के कारण, सड़कों के किनारे वाहन खड़े रहते हैं और यहां तक कि उन्हें छोड़ भी दिया जाता है, जिससे आवागमन योग्य स्थान पर और अधिक अतिक्रमण होता है और सड़क संकरी हो जाती है। इन दो मुख्य सड़कों पर यातायात जाम होना एक नियमित बात है, विशेष रूप से कयालयों के खुलने और बंद होने के समय और स्कूल के समय के अंत में, जिससे यातायात में अनियमितता पैदा हो जाती है, जिससे निवासियों को असुविधा होती है और पैदल चलने वालों के लिए भी खतरा बना रहता है।

  ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब दिल्ली सरकार ने सड़कों से जुड़े निर्माण कार्यों के लिए टेंडर पास किए या प्रकाशित किए, जिसके बाद यूपी सरकार ने कानूनी रूप से हस्तक्षेप किया और पुलिस और अन्य नागरिक अधिकारियों के पास शिकायत भी दर्ज कराई। इससे इलाके में निर्माण कार्य बाधित होता है और विकास कार्यों की गति धीमी हो जाती है। इससे सड़कों की मरम्मत खास तौर पर प्रभावित होता है, इलाके में गड्ढे और टूटी सड़कें आम बात हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं और वाहन और पैदल यात्री घायल होते हैं। दिल्ली

सरकार की ज़मीन में भी, डीडीए के तहत आने वाली जमीन उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आती है, जिनका हाल के दिनों में दिल्ली सरकार के साथ लगातार टकराव रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एलजी ने दिल्ली सरकार द्वारा सड़क निर्माण जैसी विकास नीतियों को लागू करने के कुछ प्रयासों को भी विफल कर दिया है। यहां तक कि दिल्ली सरकार ने इलाके में पार्क और हरित क्षेत्रों के निर्माण को मंजूरी दे दी थी, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका क्योंकि आवंटित जमीन या तो डीडीए की थी या यूपी कृषि मंत्रालय की, जिससे मुश्किलें पैदा हो रही हैं।

- **सीवेज की सफाई और नाले पर असर:** इलाके में तीन खुले सीवेज हैं। सबसे लंबा और सबसे बड़ा जसोला पुल से ओखला हेड तक है। अन्य सीवेज नहरें जाकिर नगर में पहलवान चौक और शाहीन बाग में ठोकर नंबर छह के पास हैं। ये सीवेज और खुली नालियां भारी प्रदूषण और गंदगी का स्रोत हैं। नालियों में इलाके का बेहद गंदा पानी और कचरा बहता है। खुले होने के कारण ये सीवेज नालियां गंदगी और प्रदूषण का निरंतर स्रोत हैं। सीवेज का गन्दा पानी मच्छरों, मक्खियों और अन्य कीटों को जन्म देता हैं और इलाके में अन्य बीमारियों का भी करण बनता है। बाढ़ विभाग सीवेज नालियों के निर्माण और उन्हें ढकने के लिए जिम्मेदार है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड नालियों से जुड़ी सहायक पाइपलाइनों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। जिम्मेदारियों के टकराव और बदलाव का नतीजा यह होता है कि सीवेज को न तो ढका जाता है, न ही उनकी सफाई या रखरखाव किया जाता है। उत्तर प्रदेश-दिल्ली सरकारों का विवाद भी सीवेज नालों की नियमित सफाई या उन्हें ढकने की जिम्मेदारी को प्रभावित करता है।

खुले सीवेज की मौजूदगी और उन्हें ढकने या साफ करने में लापरवाही इस इलाके को अस्वस्थ और निवासियों के लिए खतरनाक बनाती है। इलाके के एक सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद कासिम के अनुसार, "जहां सीवेज को ढक दिया गया है, वहां अधिकारियों ने गंदे पानी को चैनलाइज करने के लिए बड़े सीमेंट पाइप का इस्तेमाल किया है। ये सीमेंट पाइप बड़े हैं और उनका रख-रखाव करना मुश्किल है। उनमें अक्सर दरारें पड़ जाती हैं जिससे गंदा पानी रिसता है जो न केवल इलाके और जमीन के स्तर को दूषित करता है बल्कि आस-पास की इमारतों की नींव को भी प्रभावित करता है। सरकार को प्लास्टिक पाइप का इस्तेमाल करना चाहिए जिन्हें साफ करना और बनाए रखना आसान है और उनमें रिसाव की संभावना कम है और उन्हें आसानी से साफ किया जा सकता है। हालांकि, प्लास्टिक पाइप को नियमित रूप से बदलने की आवश्यकता होती है और इसलिए वे महंगे होते हैं और इसके लिए अधिक बजट आवंटन की आवश्यकता होती है, जिसे करने में सरकार की इच्छा नज़र नहीं आती।"



*Photo 5 - Open Drain, Abul Fazal Enclave.*

# कूड़ा निपटान की समस्या या उसका अभाव:

इस क्षेत्र की एक बड़ी समस्या है कूड़े की अनियमित सफाई और निपटान, इसके नतीजे के तौर पर कूड़ा इकट्ठा होता है जो अत्यधिक गंदा होता है और प्रदूषण तथा स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है। अधिक जनसंख्या और अधिक आबादी के कारण इस क्षेत्र में उत्पादित कुल कूड़ा दिल्ली के अन्य क्षेत्रों की तुलना में बहुत अधिक है। कूड़ा निपटान और रिसाइकिल के क्षेत्र में लगे सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार, यह क्षेत्र लगभग 5 गुना अधिक कूड़ा उत्सर्जित करता है, जिसे औसतन प्रतिदिन 10 ट्रकों द्वारा ले जाना पड़ता है। दिल्ली में इसी तरह के क्षेत्र वाले अन्य स्थानों पर प्रतिदिन 2-3 ट्रकों द्वारा कूड़ा निकाला जाता है। कूड़ा ले जाने वाले ट्रक इस कूड़े को या तो गाजीपुर या ओखला लैंडफिल में ले जाते हैं, जहां कूड़े के निपटान में समय लगता है और परिणामस्वरूप ट्रक समय पर वापस नहीं आते हैं, जिससे कूड़ा इकट्ठा हो जाता है जिसका समय पर निपटान नहीं हो पाता है।

यहां अतिरिक्त कूड़े को फेंकने के लिए प्रयाप्त मात्रा में कूड़ाघर या अस्थायी स्थान नहीं हैं, और तयशुदा कूड़ा डंप ओवरफ्लो हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक कूड़ा सड़क पर फैल जाता है। ओखला हेड, नई बस्ती, जसोला पुलिया, तिकोना पार्क, नूर नगर और शाहीन बाग में इस तरह के ओवरफ्लो स्थानीय डंप मौजूद हैं। हरी कोठी में एक डंप, जो अल शिफा अस्पताल के ठीक सामने था, जिसके कारण अस्पताल के लिए बार-बार स्वास्थ्य संबंधी खतरा पैदा हो रहा था, हाल ही में साफ किया गया है। हमने जिन स्थानों का उल्लेख किया है, वहां बार-बार ओवरफ्लो होने वाले कूड़े के डंप हैं जो लगभग स्थायी हो गए हैं। उन्हें बीच-बीच में साफ किया जा सकता है, लेकिन ज्यादातर वे फिर से कूड़े के ढेर में तब्दील हो जाते हैं। इलाके के कई स्थानों और यहां तक कि रिहायशी इलाकों में भी ओवरफ्लो होने वाले कूड़े के छोटे-छोटे ढेर पैदा हो गए हैं, जो सफाई कर्मचारियों और नियमित सफाई की कमी की ओर इशारा करते हैं।



*Photo 6 - Open Garbage, Batla House*

कचरा जमा होने और उसे साफ न किए जाने का मुख्य कारण एमसीडी कर्मचारियों की कमी है। हमने जिन दो एमसीडी वार्डों की स्टडी की है उनमें कुल 110-130 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। हालांकि यह संख्या अन्य एमसीडी वार्डों में भी कचरा संग्रहण, निपटान और सफाई के लिए मानक संख्या मानी जाती है, लेकिन इस क्षेत्र में यह संख्या अपर्याप्त साबित होती है, क्योंकि यहां की आबादी ज़्यादा है और इसके कारण कचरे का उत्पादन भी बढ़ जाता है। कचरे के निपटान की कमी के कारण कूड़ा बड़ी माल में जमा हो जाता है, जो अत्यंत बदबूदार होता है और ये भूजल और पीने के पानी को दूषित करता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है। पर्याप्त अस्थायी कचरा डंपिंग ज़ोन की कमी के कारण, कचरा आवासीय क्षेत्रों, अस्पतालों और स्थानीय भोजनालयों के पास जमा हो जाता है, जिससे प्रदूषण और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

## बिजली



यह इलाका आवासीय स्थानों की बढ़ती मांग के कारण अनियोजित तरीके से डेवेलप हुआ है। इस क्षेत्र में अधिकृत और अनाधिकृत इमारतों और कॉलोनियों का मिश्रण है, जो राष्ट्रीय राजधानी के अधिकांश श्रमिक वर्ग क्षेत्रों की सच्चाई है। परिणामस्वरूप, कई जगहों पर सरकारी मीटर नहीं दिए जाते हैं। निजी तौर पर लगाए गए मीटरों को सरकारी सब्सिडी नहीं मिलती। बिजली अवैध तरीकों से, जैसे कि हुकिंग द्वारा भी हासिल की जाती है, जो अक्सर खतरनाक होती है। कई अधिकृत इमारतों में भी, तीन मंजिल से अधिक ऊंची इमारतों के लिए बिजली की अनुमति नहीं होती। इससे बिल्डरों और निवासियों के लिए समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जो अक्सर इस नियम को तोड़ने के लिए मंजिलों के नाम बदलकर धोखाधड़ी करते हैं।

इस क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति अनियमित है, विशेषकर गर्मियों में, जब घंटों तक बिजली कटौती होती है। सरकारी मीटरों की कमी के कारण बिजली की निर्बाध और प्रयाप्त आपूर्ति मुश्किल हो जाती है। हुकिंग और खुले तारों के कारण, क्षेत्र की छोटी बड़ी गलियों में करंट लगने की घटनाएं हुई हैं। विशेष रूप से मानसून और जलभराव के दौरान खुले तारों के कारण ऐसी दुर्घटनाएं आम हो जाती हैं। इसके अलावा, हुकिंग के कारण ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफॉर्मर फटने की घटनाएं इस क्षेत्र में आम हैं। उचित बिजली प्रावधान की कमी के कारण, खासकर अनाधिकृत कॉलोनियों में, लोग मजबूरी में हुकिंग का सहारा लेते हैं।

## हाई टेंशन वायर

शाहीन बाग और अबुल फ़ज़ल क्षेत्र में 220KV हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइन घनी आवासीय बस्ती के बीच से होकर गुजरती है, जो बेहद खतरनाक है और बड़े हादसों और जान-माल के नुकसान का कारण बन सकती है। ये बिजली के तार बालकनियों, खिड़कियों और एक व्यस्त बाजार के बेहद करीब से गुजरती हैं, जो गंभीर खतरा पैदा करती हैं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) के नियमों के अनुसार, हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के दोनों ओर 35



*Photo 7 - High Tension Wire, Hari Kothi*

मीटर का खाली क्षेत्र होना चाहिए। लेकिन यहां ये हाई टेंशन वायर आवासीय स्थानों के बहुत करीब स्थित हैं।

2022 से 2024 के बीच, हाई टेंशन वायर के कारण करंट लगने से लोगों की मौत की घटनाएं हुई हैं, इन मौतों में बच्चे भी शामिल हैं। आमतौर पर, हाई टेंशन केबल्स के आसपास रहना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है, क्योंकि इससे निकलने वाला विकिरण अनिद्रा और चक्कर आने जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। हाई टेंशन केबल्स उस समय लगाई गई थीं जब यह क्षेत्र निर्जन था और जनसंख्या कम थी। लेकिन अब, आबादी और आवासीय घनत्व में तेज़ वृद्धि के बावजूद, केंद्रीय या राज्य सरकार की ओर से हाई टेंशन वायर को हटाने की कोई योजना नहीं है।

## पीने का पानी

ओखला के पूरे क्षेत्र में पीने के पानी की आपूर्ति अनियमित और अपर्याप्त है। इस इलाके के अधिकांश क्षेत्रों में अभी भी पीने का पानी एमसीडी की सप्लाई लाइन से नहीं आता। ज़ाकिर नगर, खलीलुल्लाह मस्जिद के आसपास और ओखला गांव जैसे कुछ क्षेत्रों में पुरानी आपूर्ति लाइनें हैं जबकि बाकी जगहों पर लोग बोरिंग (सबमर्सिबल) के माध्यम से पीने का पानी हासिल



*Photo 8 - Drinking water source in Jamia Nagar*

करते हैं। गर्मियों के समय पानी की कमी अक्सर गंभीर हो जाती है, जब भूजल का स्तर गिर जाता है और सभी वर्गों के निवासी टैंकरों से आपूर्ति किए गए पानी पर निर्भर रहते हैं।

निवासियों को एमसीडी टैंकरों से पानी खरीदने के लिए कतारों में खड़ा होना पड़ता है, लेकिन वह भी परिवार की ज़रूरतों के लिए पर्याप्त नहीं होता है। इस क्षेत्र में एक दृश्य बहुत आम है पानी वाले वाले आपको गली-गली में पानी बेचने नज़र आ जाएंगे। लेकिन ये पानी, गुणवत्ता परीक्षण के बगैर बिना सील के कंटेनरों में बेचा जाता है। इसकी गुणवत्ता संदिग्ध रहती है, लेकिन अधिकांश निवासी, जो मिनरल वाटर नहीं खरीद सकते, एमसीडी द्वारा उचित पीने के पानी की आपूर्ति की कमी के कारण, स्थानीय रूप से बेचे जाने वाले पानी पर निर्भर रहने के लिए मजबूर होते हैं।

दिल्ली जल बोर्ड ने हाल ही में शाहीन बाग और अबुल फज़ल के लिए पानी की पाइपलाइन बनाने का काम शुरू किया है, लेकिन वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। पानी की कमी के साथ-साथ, जो पानी निवासियों को इस्तेमाल के लिए मिलता है, वह अक्सर दूषित होता है और उसमें आयरन या टीडीएस की मात्रा अधिक होती है, जिससे उसका स्वाद खराब और खारा हो जाता है। यह पानी क्षेत्र के लोगों के बालों और उनकी त्वचा को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

ओखला के लोगों को पीने का पानी मुहैया कराने के लिए एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। लेकिन यमुना नदी के पानी में उच्च अमोनियम सामग्री और औद्योगिक कचरे के कारण अन्य प्रदूषण से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए इस क्षेत्र के लिए पर्याप्त पानी प्रदान करना मुश्किल हो जाता है।

## बरसात में बाढ़ और जलभराव

जहां एक ओर पीने के पानी की कमी है, वहीं यह क्षेत्र यमुना नदी के किनारे के बाढ़ क्षेत्र में स्थित होने के कारण हर साल नियमित रूप से बाढ़ का सामना करता है। हर साल यमुना नदी और इसकी सहायक नहरें उफान पर होती हैं। जाम हो चुकी नालियों और अनियोजित सड़कों की गलत दिशा के कारण बाढ़ का पानी बह नहीं पाता है और इसके कारण इलाके की छोटी-बड़ी गलियों में गंभीर जलभराव हो जाता है।

यह स्थिति न केवल मानसून के दौरान आवागमन को कठिन बना देती है, बल्कि बाढ़ के पानी से होने वाली बीमारियों जैसे टायफाइड और डेंगू के प्रसार का कारण भी बनती है। हर साल डेंगू की महामारी फैलती है, जो कई बार जानलेवा साबित होती है। इसके अलावा, बाढ़ के दौरान बोरिंग के जरिए पीने के लिए उपयोग किया जाने वाला भूजल भी दूषित हो जाता है। हमारे शोध में कई निवासियों ने शिकायत की कि बाढ़ और जलभराव के दौरान नलों और पाइपों से काला पानी आता है, जो उपयोग के लायक नहीं होता और गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है।




*Photo 9 - Waterlogging in Monsoon, Jamia Nagar*

# परिवहन

2017 तक इस क्षेत्र में परिवहन और कनेक्टिविटी एक बड़ी समस्या थी। लेकिन 2017 में मैजेंटा लाइन मेट्रो शुरू होने के बाद, कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ और इसने नागरिकों के जीवन को थोड़ा आसान बना दिया। हालांकि, मेट्रो के अलावा, कनेक्टिविटी अब भी एक बड़ी समस्या है।

डीटीसी द्वारा इस क्षेत्र के लिए निर्धारित बस रूट 274, 400, 402, 403, 463, 507, 534C, 894 और 044 हैं। हालांकि, हमारी जांच में पाया गया कि इनमें से जो रूट वर्तमान में चालू और उपलब्ध हैं, वे 274, 403, 507, 894 और 463 हैं। अन्य रूट या तो अनियमित हो गए हैं या इस क्षेत्र में पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। इससे निवासियों के लिए बसों तक पहुंच के विकल्पों में भारी कमी आई है, और उन्हें अन्य रूट की बसों तक पहुंचने के लिए जुलैना, आश्रम या कालिंदी कुंज तक यात्रा करके जाना पड़ता है। इस क्षेत्र की बसों को अक्सर रीरूट कर दिया जाता है और वे जामिया नगर में प्रवेश करने से पहले ही रुक जाती हैं।

इस क्षेत्र में दो मैन सड़के हैं। सार्वजनिक बसें इन सड़कों में से एक, जो यमुना नदी के किनारे मौजूद है, सिर्फ उसी पर चलती हैं। ओखला हेड और तिकौना पार्क के टी-प्वाइंट्स पर अक्सर ट्रैफिक जाम हो जाते हैं, जिसका कारण संकरी सड़कें हैं। यह समस्या दफ्तरों और स्कूल की छुट्टी के समय के दौरान और भी गंभीर हो जाती है।

सड़कें संकरी हैं और उनके किनारे खड़े या छोड़े गए वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। इस वजह से जाम लगना आम बात है, जो सार्वजनिक जीवन को नियमित रूप से प्रभावित करता है।

एक प्रमुख परिवहन समस्या जिसका निवासियों को सामना करना पड़ता है, और जिसे हमारी शोध के कई लोगों ने बताया, वह है प्राइवेट कैब और ऑटो द्वारा इस इलाके में आने से इनकार करना। एक मुस्लिम क्षेत्र के प्रति अंतर्निहित पूर्वाग्रह और ट्रैफिक में फंसने का डर उबर/ओला/रैपिडो जैसी कंपनियों के ड्राइवरों को इस क्षेत्र में आने और यहां की राइड्स बुक करने से रोकता है. निवासियों को अक्सर यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पिक-अप/ड्रॉप लोकेशन इन वार्ड्स के रेडियस से बाहर, जैसे न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, कालिंदी कुंज या सुखदेव विहार में रखना पड़ता है, ताकि कैब ड्राइवर राइड को रद्द न करें। इस इलाके के बाहर से आने वाले ड्राइवरों के लिए यहां की गलियां पूरी तरह से No-Go Zone होती हैं।



*Photo 10 - Okhla Head Bus stand*

फलस्वरूप, स्थानीय क्षेत्रों में परिवहन का एकमात्र विकल्प निवासियों के लिए रिक्शा और इलेक्ट्रिक रिक्शा बन गए हैं। ये ई-रिक्शा ही यहां की छोटी-बड़ी गलियों और मुख्य सड़कों पर अस्थायी और छोटे समय के परिवहन विकल्प के रूप में काम करते हैं। ऐसे रिक्शा की संख्या इलाके में काफी बढ़ गई है, क्योंकि अन्य परिवहन विकल्पों की कमी के कारण इनकी जरूरत अत्यधिक है।

हालांकि ये रिक्शा हाइपर-लोकल परिवहन के लिए आवश्यक हैं, लेकिन ये अनियंत्रित होते हैं और अक्सर खतरनाक होते हैं। ये रिक्शे दुर्घटनाओं को दावत देते हैं और ट्रैफिक जाम की मौजूदा समस्याओं को और बढ़ा देते हैं। ये रिक्शा निर्धारित रास्तों पर नहीं चलते और अक्सर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं, जिससे अव्यवस्था बढ़ती है और पैदल चलने वालों और अन्य गाड़ियों के लिए खतरा उत्पन्न होता है।

## शिक्षा

दिल्ली का मुस्लिम समुदाय शैक्षिक रूप से आमतौर पर अन्य समुदायों से से पिछड़ा हुआ है। इंस्टिट्यूट ऑफ़ पौलिसी स्टडीज़ एंड एडवोकेसी के द्वारा एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी जिसका विषय था 'दिल्ली के मुसलमान: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति.' इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में अन्य समुदायों की तुलना में अनपढ़ लोगों में मुसलमानों का प्रतिशत सबसे ज़्यादा है (14.79%) और मुस्लिम महिलाओं की स्थिति और भी खराब है, क्योंकि दिल्ली में अनपढ़ मुस्लिम महिलाओं की संख्या (30%) उनके पुरुष समकक्षों (15%) से दोगुनी है.[14]




*Photo 11 - MCD Primary School, Abul Fazal Enclave*

14 14 https://ipsaindia.org.in/wp-content/uploads/2023/04/Muslims-of-Delhi.pdf

हमने जिन वार्डों की स्टडी की है उनसे यह भी स्पष्ट होता है कि मुस्लिम समुदाय की स्थिति शैक्षिक उपलब्धियों में हाशिये पर बनी हुई है। हालांकि, शुरुआत में जामिया मिल्लिया इस्लामिया इस क्षेत्र में विभिन्न हिस्सों से मुस्लिमों के आने का एक मुख्य कारण रहा है, फिर भी जामिया नगर क्षेत्र में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की कमी गंभीर चिंता का विषय बन गई है। दिल्ली सरकार के रिकॉर्ड के अनुसार, दिल्ली में कुल 1714 एमसीडी के प्राथमिक स्कूल हैं। इनमें से केवल 9 ही इन दोनों वार्डों में आते हैं। हालांकि, भौतिक संरचनाओं के हिसाब से इन वार्डों में केवल 5 स्कूल हैं, जिनमें से 4 स्कूल दिन में दो बार चलाए जाते हैं—सुबह और शाम. यहां लड़कियों और लड़कों के लिए और हिंदी तथा उर्दू माध्यम के छात्रों के लिए मौजूद कुल स्कूलों की संख्या 9 है।

दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग की वेबसाइट के अनुसार, इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में अधिकांश स्कूलों में सेमी पक्के कमरे होते हैं, जिनका उपयोग कक्षाओं के रूप में किया जाता है। जोगाबाई स्कूल में, जो लड़कियों और लड़कों के लिए दो शिफ्टों में चलता है, वहाँ 43 सेमी-पक्के कमरे हैं और कोई पक्का कमरा नहीं है। एकेवी मिडल, जोगाबाई बटला हाउस स्कूल फॉर गर्ल्स और एसबीवी मिडल, जोगाबाई बटला हाउस फॉर बॉयज के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। नूर नगर-एसबीवी और नूर नगर-एसकेवी, जो क्रमशः लड़कियों और लड़कों




*Photos 12 - Jasola Village, GGSSS and GBSSS.*

के लिए सुबह और शाम की शिफ्टों में चलते हैं, वहाँ 36 पक्के कमरे और 67 सेमी-पक्के कमरे उपलब्ध हैं। जसोला गांव, जीजीएसएसएस और जसोला गांव, जीबीएसएसएस में 54 सेमी-पक्के कमरे हैं जबकि कोई पक्का कमरा नहीं है।

| स्कूल का नाम | शिफ्ट | लिंग | लेवल | स्थापना का साल |
|---|---|---|---|---|
| Joga Bai-GBSSS | Morning | Girls | Nur. to XII | 2000 |
| Joga Bai-SKV | Evening | Boys | VI to XII | 1999 |
| Noor Nagar- SBV | Morning | Girls | Nur. to XII | 1989 |
| Noor Nagar-SKV | Evening | Boys | Nur. to XII | 1947 |
| Jasola Village, GGSSS | Morning | Girls | VI to XII | 2008 |
| Jasola Village, GBSSS | Evening | Boys | VI to XII | 2012 |
| SBV Middle, Joga Bai Batla House | Morning | Girls | Nur. to VIII | 2023 |
| SKV Middle, Joga Bai, Batla House | Evening | Boys | Nur. to VIII | 2023 |
| MCD Primary School (Co-ed), Water Sewage Treatment Plant, Okhla, Delhi-110020 | General | Co-ed | | |

*Source- https://www.edudel.nic.in*

| स्कूल का नाम | अध्यापकों की कुल संख्या और मौजूदा उपलब्ध अध्यापकों की संख्या | छात्रों की कुल संख्या और मौजूदा उपलब्ध छात्रों की संख्या | शौचालयों की संख्या |
|---|---|---|---|
| Joga Bai-GBSSS | 39, 30 | 1963, 1393 | 9 |
| Joga Bai-SKV | 65, 48 | 2673, 1132 | 9 |
| Noor Nagar- SBV | 73, 60 | 2976 1432 | 33 |
| Noor Nagar-SKV | **57, 35** | **3033, not available** | 33 |
| Jasola Village, GGSSS | 44, 26 | 2802, 588 | 39 |
| Jasola Village, GBSSS | 67, 59 | not available | 39 |
| SBV Middle, Jogabai Batla House | 3, 2 | 496, 353 | not available |
| SKV Middle, Jogabai, Batla House | 2, 2 | 451, 174 | not available |
| MCD Primary School (Co-ed), Water Sewage Treatment Plant, Okhla, Delhi-110020 | Not available | Not available | Not Available |

*Source- https://www.edudel.nic.in*

दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग की वेबसाइट द्वारा प्रदान किए गए आंकड़े इन स्कूलों की दयनीय स्थिति को दर्शाते हैं। केवल तीन स्कूल हैं जिनमें नर्सरी से लेकर कक्षा बारह तक के वर्ग हैं जबकि अन्य तीन स्कूलों में कक्षा छह से बारह तक के वर्ग हैं और दो स्कूलों में नर्सरी से कक्षा आठ तक के वर्ग हैं। डेटा के अनुसार, बटला हाउस में एक नवनिर्मित (2023) स्कूल में दो स्कूल हैं जो क्रमशः लड़कियों और लड़कों के लिए सुबह और शाम की शिफ्टों में चलाए जाते हैं। लड़कियों के लिए एसकेवी मिडल स्कूल में केवल 2 शिक्षक हैं, जबकि छात्रों की संख्या 451 है, और लड़कों के लिए एसबीवी मिडल स्कूल (शाम) में केवल 3 शिक्षक हैं, जिनमें से केवल 2 शिक्षक उपस्थित थे, जबकि छात्रों की संख्या 496 हैं।[15]

15 https://www.edudel.nic.in

जोगाबाई स्कूल, जो लड़कियों और लड़कों के लिए दो शिफ्टों में चलता है, में कर्मचारियों और छात्रों के लिए केवल 9 कार्यशील शौचालय हैं। सुबह की शिफ्ट, जो लड़कियों के लिए है, में 2673 छात्र और 65 कर्मचारी हैं, जिनमें शिक्षक भी शामिल हैं, जबकि शाम की शिफ्ट, जो लड़कों के लिए है, में 1963 छात्र और 39 कर्मचारी हैं, जिनमें शिक्षक भी शामिल हैं। सुबह और शाम की शिफ्ट में कुल 4740 लोग, जिनमें कर्मचारी और छात्र दोनों शामिल हैं, के लिए केवल 9 ही उपयोग योग्य शौचालय हैं।[16]

बटला हाउस में एक सर्वोदय मिडल क्लास स्कूल है जो लड़कियों के लिए है और यह जाकिर नगर वार्ड के तहत आता है। इन एमसीडी और सरकारी स्कूलों के अलावा, यहां कोई और सरकारी स्कूल नहीं है। ये स्कूल इन दो वार्डों में 2.53-3 लाख की जनसंख्या की आवश्यकता को पूरा कर रहे हैं।




*Photo 13 - Sarvodaya Bal Kanya Vidyalaya (Middle), Jogabai, Batla House.*

दूसरी ओर, इस क्षेत्र में जामिया मिल्लिया इस्लामिया को छोड़कर कोई सरकारी कॉलेज नहीं है। दिल्ली के अधिकांश सरकारी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं. तीन तरह के कॉलेजों होते हैं, दिल्ली सरकार के, केंद्रीय सरकार के और अल्पसंख्यकों के जिन्हें सरकार से फंड मिलता है। इस क्षेत्र में ऐसा कोई कॉलेज नहीं है।

# स्वास्थ्य सुविधाएं

हमने पहले ही इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जिन विभिन्न संभावित स्वास्थ्य खतरों और प्रणालीगत रूप से उत्पन्न अस्वस्थ परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, उनका विवरण दिया है। हालांकि, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए इस क्षेत्र में उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर कमी है।

16 https://www.edudel.nic.in

इस क्षेत्र में एक भी सरकारी अस्पताल नहीं है। सबसे नजदीकी सरकारी अस्पताल AIIMS और सफदरजंग हैं, जो 12 किमी दूर हैं और वहां पहुंचने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगता है। दिसंबर 2007 में, दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) ने ओखला के सरिता विहार क्षेत्र में 100 बेड वाला सरकारी अस्पताल बनाने के लिए 6,318 वर्ग मीटर का क्षेत्र आवंटित किया। जनवरी 2010 में, तब की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने इसका शिलान्यास किया। जुलाई 2014 में, दिल्ली सरकार ने 100-बेड वाले इस अस्पताल के लिए 87.14 करोड़ रुपये की मंजूरी दी, जिसमें डायग्नोस्टिक सुविधाएँ, आपातकालीन सेवा, इंटेन्सिव केयर यूनिट, ऑपरेशन थिएटर और डे केयर शामिल थे। आवंटन के 14 वर्षों में, 100 बेड वाला अस्पताल 2017 में 300 बेड वाले योजना में बदल गया, फिर कागजों पर 350 बेड वाला और फिर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा 460 बेड की सुविधा घोषित की गई। इसके बाद, 2022 तक आवंटित भूमि पर गायों का चारा चराया जाता रहा और किसी भी प्रकार की प्रगति नहीं हुई। 2022 से कुछ बुनियादी निर्माण कार्य शुरू हुए हैं, लेकिन आज तक यह पूरा होने से बहुत दूर है।

यह भी ध्यान में रखा जाए कि दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में पिछले दस वर्षों में तीन नए अस्पताल बने हैं। अम्बेडकर नगर में, जिसे 2013 में 200 बेड के साथ मंजूरी दी गई थी और जिसे बाद में 600 बेड में संशोधित किया गया; बुराड़ी में, जिसे 2012 में 200 बेड के साथ मंजूरी दी गई थी और जिसे बाद में 768 बेड में संशोधित किया गया; और द्वारका में, इंदिरा गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, जो मई 2021 में खोला गया, जब इसकी निर्माण प्रक्रिया 2014 में शुरू हुई थी—इसकी बेड की संख्या पहले से तय 700 से बढ़ाकर 1,725 की गई। लेकिन सरिता विहार में




*Photo 14 - AAM Aadmi Mohalla Clinic, Abul Fazal Enclave.*

अस्पताल, जो बहुत पहले मंजूर हुआ था, आज तक वास्तविक रूप से अस्तित्व में नहीं आया।

इस क्षेत्र के निवासी इसलिए निजी अस्पतालों जैसे मैक्स, फोर्टिस, अपोलो, होली फैमिली, अल शिफा और क्रिब्स पर निर्भर हैं। इसके अलावा, छोटे क्लीनिक और नर्सिंग होम्स भी बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन ऐसे संस्थान महंगे होते हैं और इनमें कोई जिम्मेदारी नहीं होती, ये अक्सर शोषणकारी होते हैं और अधिकांश जनसंख्या के लिए पहुंच से बाहर होते हैं।

दोनों वार्डों में, बटला हाउस, हाजी कॉलोनी और शाहीन बाग में चार मोहल्ला क्लीनिक हैं। इनमें से एक विशेष रूप से महिलाओं के लिए है। मोहल्ला क्लीनिक क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल के सबसे निचले स्तर के रूप में काम करते हैं और ये केवल सप्ताह के दिनों में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुले रहते हैं। ओखला के मोहल्ला क्लीनिक हमेशा भीड़ से भरे रहते हैं। इसके अलावा, इन क्लीनिकों में बहुत सीमित सुविधाएं होती हैं और इन क्लीनिकों में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी पुरानी बीमारियों का इलाज करने की उम्मीद नहीं की जाती है।

कुल मिलकर यहाँ सार्वजनिक स्वास्थ्य की स्थिति अत्यंत अपर्याप्त और असंतोषजनक है।




*Photo 15 - Pink Mohalla Clinic, Batla House*

# निगरानी और कानून प्रवर्तन तंत्र

हालांकि, इस क्षेत्र में विकास की गंभीर कमी है और कोई खास प्रगति नहीं हो रही है इसके बावजूद यह क्षेत्र राज्य की उच्च निगरानी के तहत आता है और यहां राज्य के दमनात्मक तंत्र की उपस्थिति हर जगह है। क्षेत्र में दो पुलिस थाने हैं और कई पुलिस बूथ और चौकियाँ भी हैं। इस क्षेत्र को संवेदनशील क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है और दमनात्मक एजेंसियाँ यहां के विरोध प्रदर्शन और धरनों जैसे मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई करती हैं।

बटला हाउस की एक्स्ट्रा जुडिशियल किलिंग की घटना, जिसमें 2 युवा मुस्लिम युवकों को पुलिस द्वारा मार दिया गया था, उन घटनाओं में से एक है जिसने मुस्लिम समुदाय के मनोबल को राज्य के प्रति प्रभावित किया। इसे यहां के लोग एक सुनियोजित घटना के रूप में याद करते हैं, जिसका उद्देश्य यहां के मुस्लिम समुदाय को बदनाम करना और उसके उत्पीड़न को जायज ठहराना था। 15 दिसंबर 2019 को, जब पूरे देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जिसमें जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने प्रमुख भूमिका निभाई, पुलिस द्वारा एक बड़े स्तर का और क्रूर लाठीचार्ज किया गया, जिसमें जामिया के छात्रों और बटला हाउस तथा आसपास के इलाकों के स्थानीय निवासियों को निशाना बनाया गया। कई छात्र और स्थानीय लोग घायल हो गए।




*Photo 16 - Police Station Jamia Nagar & Delhi Police Public Library*

पुलिस ने छात्रों पर कई आपराधिक मामलों, जिसमें एक आतंकवाद विरोधी मामला भी शामिल था, के आरोप लगाए।

कई छात्र और स्थानीय कार्यकर्ता नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के खिलाफ शाहीन बाग और जामिया में शांतिपूर्ण धरना आयोजित करने के लिए वर्षों से जेल में बंद हैं। क्रूर बल का प्रयोग, कई आपराधिक मामलों का आरोप लगाना और UAPA का इस्तेमाल निवासियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ किया गया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के निवासियों और पुलिस के बीच गहरी अविश्वास और शत्रुता पैदा हो गई है।

स्थानीय लोग अक्सर पुलिस के भेदभावपूर्ण रवैये की शिकायत करते हैं। इस क्षेत्र में बीएसएफ, आरएएफ और पुलिस की विशेष टास्क फोर्स की उपस्थिति अक्सर देखी जाती है। हर साल दिसंबर में, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और शाहीन बाग की मुख्य सड़क के सामने बीएसएफ और आरएएफ की विशेष तैनाती की जाती है। ये दो जगहें वो हैं जहां नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे और कई महीनों तक जारी रहे। तब से, हर दिसंबर में अर्धसैनिक बलों की नियमित तैनाती होती है। वे स्थानीय इलाकों में रूट मार्च भी करते हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को डराया-धमकाया जाता है।

पुलिस की भूमिका नागरिकों को डराने-धमकाने में और अधिक सक्रिय होती जा रही है। हर रात पुलिस की गाड़ियाँ क्षेत्र में चक्कर लगाती हैं और दुकानों को जबरन बंद कराती हैं। पुलिस का शत्रुतापूर्ण व्यवहार अक्सर निवासियों के साथ स्पष्ट रूप से दिखता है। पुलिस स्थानीय निवासियों को मामूली अपराधों में फंसाकर गिरफ्तार और हिरासत में भी लेती है, और स्थानीय व्यवसायियों से पैसे वसूलती है। स्थानीय लोग गंभीर अपराधों में भी फंसाए गए हैं, जैसे कि कथित आतंकवाद के आरोप। केंद्रीय सरकार की एजेंसियां, जैसे कि ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियाँ, इस क्षेत्र के चुने हुए प्रतिनिधियों, अन्य प्रमुख सरकारी अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार और कैद करने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।

पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA), एमसीडी और अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा कई ध्वस्तिकरण अभियान चलाए गए हैं। फरवरी 2023 में, दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) ने जामिया नगर में 50 संरचनाओं को ढहा दिया, जो एक मुख्यतः मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, जिससे लगभग 300 लोग प्रभावित हुए, जिनमें अधिकांश मज़दूर, रिक्शा चालक और घरेलू श्रमिक शामिल थे।[17] स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले 2 वर्षों में इस इलाके में 100 से अधिक ध्वस्तिकरण की कार्रवाईयां हुईं हैं। इससे क्षेत्र में निर्माण गतिविधियाँ प्रभावित हुई हैं, क्योंकि ठेकेदारों को ध्वस्तिकरण का डर रहता है, जिससे उनको आर्थिक हानि होती है।

## अन्य समस्याएं

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के भीतर केवल एक मदर डेयरी बूथ है और एक और बूथ शाहीन बाग मेट्रो स्टेशन के पास स्थित है। जामिया नगर के अन्य किसी भी क्षेत्र में नागरिकों

17 https://twocircles.net/2023feb19/448389.html

को सरकारी दरों पर दूध और सब्जियाँ प्रदान करने के लिए कोई सफल या मदर डेयरी आउटलेट्स नहीं हैं।

इस क्षेत्र में केवल तीन बैंक आउटलेट्स हैं: ज़ाकिर नगर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बटला हाउस में J&K बैंक और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के परिसर में इंडियन बैंक। अन्य सभी बैंक आउटलेट्स के लिए न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी या सरिता विहार जाना पड़ता है।

क्षेत्र का मुख्य पोस्ट ऑफिस न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में है, जबकि ज़ाकिर नगर और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में पोस्ट ऑफिस के कुछ सहायक छोटे आउटलेट्स हैं, जहाँ कई सुविधाएँ जैसे पार्सल भेजना, स्पीड पोस्ट, मनी ऑर्डर आदि उपलब्ध नहीं हैं।

## सामुदायिक समर्थन

जब राज्य लोगों को बुनियादी सेवाएँ और सुविधाएँ, खासकर स्वास्थ्य और शिक्षा, प्रदान करने में अनुपस्थित होता है, तो कम्युनिटी नेटवर्क इन कमियों को पूरा करने के लिए सामने आते हैं। यह प्रवृत्ति भारत भर में देखी जाती है। चैरिटी और विश्वास आधारित संगठन तब उभर कर सामने आते हैं जब सामुदायिक समूह को भेदभावपूर्ण राज्य नीतियों के कारण हाशिए पर धकेल दिया जाता है। ये संगठन स्कूलों, अस्पतालों और कई अन्य संस्थानों का संचालन करते हैं, जो चैरिटेबल श्रेणी में आते हैं। इस क्षेत्र में कई स्कूल हैं जैसे जोहर पब्लिक स्कूल, स्कॉलर स्कूल, खदीजतुल कुबरा गर्ल्स पब्लिक स्कूल, कॉलेज और मदरसे, जो गरीब और पड़ोस के बच्चों के लिए काम कर रहे हैं। यहां समुदाय आधारित अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र भी हैं, जैसे अल-शिफा जो जमात-ए-इस्लामी हिंद द्वारा अबुल फजल एन्क्लेव में चलाया जाता है और यह एक मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल है।

दूसरी ओर, इस क्षेत्र में जमात-ए-इस्लामी और अहल-ए-हदीस जैसी धार्मिक संगठनों की उपस्थिति है, जो विभिन्न विश्वास आधारित संगठनों का संचालन करती हैं। इन संगठनों की उपस्थिति और इलाके में स्थित कई मस्जिदें साथ मिलकर एक मुस्लिम 'माहौल' को जन्म




*Photo 17 - Milli Model School, Dawat Nagar.*

देती है, जो यहां रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों को सुरक्षा, आराम और अपनापन का अहसास कराता है, जैसा कि निदा किरमानी ने अपने जाकिर नगर क्षेत्र पर किए गए अध्ययन में भी उल्लेख किया है।[18] 2020 में दिल्ली हिंसा के बाद, इस क्षेत्र में किराए के फ्लैट्स की मांग में काफी वृद्धि हुई है। सुरक्षा को लेकर चिंताएँ इस क्षेत्र में मुसलमानों के आगमन का प्रमुख कारण है।

# सिफारिशें

1. मुख्य सड़कों का अनिवार्य रूप से चौड़ीकरण किया जाना चाहिए।
2. सड़क के गड्ढों और टूटे हुए हिस्सों की नियमित मरम्मत होनी चाहिए।
3. पूरे इलाके में साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जो MCD कनेक्शनों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए।
4. रसोई गैस के लिए गैस पाइपलाइन घरों तक पहुंचनी चाहिए।
5. सरिता विहार में प्रस्तावित सरकारी अस्पताल को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए।
6. बढ़ती जनसंख्या के कारण अधिक मोहल्ला क्लीनिकों की शुरुआत की जानी चाहिए।
7. NEET/ JEE और अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षा के अभ्यर्थियों को सस्ती कोचिंग प्रदान करने वाले और सरकारी कोचिंग केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए।
8. अन्य वार्डों की तुलना में यहां सफाई कर्मियों की संख्या अधिक होनी चाहिए, क्योंकि जनसंख्या ज़्यादा है। इसी तरह, कूड़ा निपटान के लिए अधिक ट्रक तैनात किए जाने चाहिए ताकि कूड़ा निपटान का काम सुचारू रूप से हो सके। सड़क पर कूड़ा न जमा हो, इसके लिए अस्थायी कूड़ाघर बनाए जाने चाहिए।
9. हाई टेंशन लाइन को तुरंत स्थानांतरित किया जाना चाहिए।
10. हरे-भरे स्थानों, बच्चों के पार्क और जॉगर्स पार्क की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। स्थानीय इलाकों में अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए।
11. इस इलाके में अधिक सरकारी स्कूलों की आवश्यकता है क्योंकि जनसंख्या कई गुना बढ़ चुकी है। दूसरी ओर, मौजूदा स्कूलों में सुविधाओं की कमी है, जैसे कि शौचालय, पक्के क्लासरूम और शिक्षकों की कमी, इनका समाधान किया जाना चाहिए।


18 Kirmani, N. (2008). *Competing Constructions of "Muslim-ness" in the South Delhi Neighborhood of Zakir Nagar. Journal of Muslim Minority Affairs, 28(3), 355–370.* doi:10.1080/13602000802547989


NIGAM PRATIBHA SCHOOL
OKHLA HINDI AND ENGLISH MEDIUM GIRLS
(ENGLISH MEDIUM)
M.C.D. PRIMARY SCHOOL
दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय
उपचार से बेहतर बचाव
मच्छर पैदा ना होने दें


Transport Department
GNCTD
ओखला टर्मिनल
Okhla Terminal
BUS ROUTES NOS.
दिल्ली का CM कौन?
अरविंद केजरीवाल
आम आदमी पार्टी



SCHOOL ID: GRIL'S 1958059
BOY'S 1958060
M.C.D. PRATIBHA VIDYALAYA
CENTRAL ZONE NEW DELHI-110025

# नक्शा




*Source:* https://sec.delhi.gov.in/sec/annexure-4-final-individual-maps-newly-delimited-wards-1-240-maps

# WARD NO.- 189, ZAKIR NAGAR




***Source:*** https://sec.delhi.gov.in/sec/annexure-4-final-individual-maps-newly-delimited-wards-1-240-maps

# अनुबंध

दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग से स्कूलों का डेटा, (https://www.edudel.nic.in)

| School Name | Joga Bai-SKV | Joga Bai-GBSSS | SKV Middle, Jogabai, Batla House | |
|---|---|---|---|---|
| Address | Joga Bai, Jamia Nagar | Joga Bai, Jamia Nagar | Jogabai, Batla House, New Delhi | |
| Shift | Morning | Evening | Morning | |
| Gender | Girls | Boys | Girls | |
| Year Of Estd. | 2000 | 1999 | 2023 | |
| Nomenclature | Nur. to XII | VI to XII | Nur. to VIII | |
| Stream detail | | | | |
| Science | No | No | No | |
| Commerce | Yes | Yes | No | |
| Arts | Yes | Yes | No | |
| Vocational | No | No | No | |
| Building Details | | | | |
| Building Incharge | Yes | Yes | Not Available | |
| Total Land Area(Sqm) | Not Available | Not Available | Not Available | |
| Built up Area(Sqm) | Not Available | Not Available | Not Available | |
| Playground Area(Sqm) | 800 | 800 | Not Available | |
| Garden Area(Sqm) | 100 | 100 | Not Available | |
| Pucca Room | 0 | 0 | Not Available | |
| Semi Pucca Room | 43 | 43 | Not Available | |
| Porta Cabin Room | 0 | 0 | Not Available | |
| Play Ground Area | No | No | Not Available | |
| Toilet and urinal Details | | | | |
| Boys Toilets Seats | 0 | 6 | Not Available | |
| Girls Toilets Seats | 6 | 0 | Not Available | |
| Staff Toilets Seats | 3 | 3 | Not Available | |
| Total Toilets Seats | 9 | 9 | Not Available | |
| Is there any toilets seats for CWSN | Yes | Yes | | |

| | SBV Middle, Jogabai Batla House | Noor Nagar- SBV | Noor Nagar-SKV | Jasola Village, GGSSS | Jasola Village, GBSSS |
|---|---|---|---|---|---|
| | Jogabai Batla House, New Delhi | Noor Nagar, Okhla | Noor Nagar, Jamia Nagar | Jasola Village Shaheen Bagh, | JASOLA VILLLAGE, DELHI |
| | Evening | Evening | Morning | Morning | Evening |
| | Boys | Boys | Girls | Girls | Boys |
| | 2023 | 1947 | 1989 | 2008 | 2012 |
| | Nur. to VIII | Nur. to XII | Nur. to XII | VI to XII | VI to XII |
| | | | | | |
| | No | Yes | Yes | No | No |
| | No | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | No | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | No | Yes | Yes | No | No |
| | | | | | |
| | Not Available | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | Not Available | 11129 Sqm | Not Available | 5570 Sqm | 5570 Sqm |
| | Not Available | 4047Sqm | Not Available | 1595Sqm | 1595Sqm |
| | Not Available | 6070 | 6060 | Not Available | Not Available |
| | Not Available | 1012 | 1010 | Not Available | Not Available |
| | Not Available | 36 | 36 | 0 | 0 |
| | Not Available | 67 | 67 | 54 | 54 |
| | Not Available | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Not Available | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | | | | | |
| | Not Available | 65 | 65 | 0 | 0 |
| | Not Available | 0 | 0 | 16 | 16 |
| | Not Available | 5 | 5 | 7 | 7 |
| | Not Available | 70 | 70 | 39 | 39 |
| | | Yes | Yes | Yes | Yes |

# अनुबंध

| School Name | Joga Bai-SKV | Joga Bai-GBSSS | SKV Middle, Jogabai, Batla House |
|---|---|---|---|
| Is the hand washing facility available near the toilet/ urinals | Yes | Yes | |
| Boys Urinal Seats | 0 | 6 | |
| Girls Urinals Seats | 6 | 0 | |
| Staff Urinal Seats | 3 | 3 | |
| Total Urinals Seats | 9 | 9 | |
| Water Fascility | | | |
| Main Source of drinking water facility | Tap Water | Tap Water | |
| Whether drinking water facility functional | Yes | Yes | Not Available |
| Water coller and Water Filter | Yes | Yes | Not Available |
| Electricity Connection | Yes | Yes | Not Available |
| Lab Fascility | | | |
| Integrated Science Labroatory For Secondary Secitons | Yes | Yes | Not Available |
| Physics | No | No | Not Available |
| Chemistry | No | No | Not Available |
| Biology | No | No | Not Available |
| Computer | No | No | Not Available |
| Matematics | No | No | Not Available |
| Language | No | No | Not Available |
| Geography | No | No | Not Available |
| Psychology | No | No | Not Available |
| Home Science | Yes(Fully Equipped) | No | Not Available |
| Does the school have Internet Facility | Yes | Yes | Not Available |
| Total Teachers | 65 | 39 | 2 |
| Total Students | 2673 | 1963 | 451 |

| | SBV Middle, Jogabai Batla House | Noor Nagar- SBV | Noor Nagar-SKV | Jasola Village, GGSSS | Jasola Village, GBSSS |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | | 28 | 28 | 0 | 0 |
| | | 0 | 0 | 16 | 16 |
| | | 5 | 5 | 7 | 7 |
| | | 33 | 33 | 39 | 39 |
| | | | | | |
| | | Tap Water | Tap Water | Bore Well | Bore Well |
| | Not Available | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | Not Available | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | Not Available | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | | | | | |
| | Not Available | Yes | Yes | Yes | Yes |
| | Not Available | Yes(Fully Equipped) | Yes(Fully Equipped) | No | No |
| | Not Available | Yes(Fully Equipped) | Yes(Fully Equipped) | No | No |
| | Not Available | Yes(Fully Equipped) | Yes(Fully Equipped) | No | No |
| | Not Available | Yes(Fully Equipped) | Yes(Fully Equipped) | Yes(Partial Equipped) | Yes(Partial Equipped) |
| | Not Available | Yes(Fully Equipped) | Yes(Fully Equipped) | Yes | Yes |
| | Not Available | No | No | No | No |
| | Not Available | Yes(Fully Equipped) | Yes(Fully Equipped) | No | No |
| | Not Available | No | No | No | No |
| | Not Available | No | No | Yes(Partial Equipped) | Yes(Partial Equipped) |
| | Not Available | No | No | Yes | Yes |
| | 3 | 73 | 57 | 44 | 67 |
| | 496 | 2976 | 3032 | 2801 | 2480 |



Report Prepared by:

SPECT
RESEARCH ASSOCIATION

Follow us: /SPECT Foundation